राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



वित्तमंत्री आज पेश करेंगी देश का बजट



मलेशिया के नए राजा बने इब्राहिम इस्कंदर: बेटा भारतीय सेना में कैप्टन रह चुका

वर्ष-60 › अंक -39 रायपुर गुरूवार 01 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

# जमीन घोटाला : ईडी हिरासत के बाद अरेस्ट सोरेन

रांची संवाददाता।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को रांची के बड़गाईं में दस्तावेजों में हेरफेर करके जमीन की खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार किया गया है. उन्हें प्रिवेंशन ऑफ मनी लाउंडरिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया है. अगस्त 2023 से जनवरी 2024 के बीच ईडी की ओर से हेमंत सोरेन को 10 समन भेजे गए. दो बार पूछताछ हुई. दूसरी बार बुधवार (31 जनवरी) को मुख्यमंत्री आवास में घंटों पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. राजभवन के बाहर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने खुद कहा कि मुख्यमंत्री को ईडी ने गिरफ्तार किया है.

जेएमएम सांसद महुआ मांझी ने कहा कि अभी हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में है। सीएम अपना इस्तीफा सौंपने के लिए ईडी टीम के साथ राज्यपाल के पास गए हैं। चंपई सोरेन नए मुख्यमंत्री होंगे। हमारे पास पर्याप्त संख्या है।

**पहले से लटक रही थी गिरफ्तारी की तलवार** - मुख्यमंत्री आवास पर डीजीपी और आईजी के पहुंचने के बाद हलचल तेज हो गई थी जिसके बाद से ही मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की अटकलें लगने लगी थी। इससे पहले ईडी के अधिकारियों ने भारी सुरक्षा घेरे के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कथित भूमि घोटाले से मनी लांड्रिंग मामले में बुधवार को उनके आवास पर पूछताछ शुरू की। हेमंत सोरेन से ईडी ने कई घंटे सीएम हाउस पर लंबी पूछताछ की थी।

**20 जनवरी को 7 घंटे से ज्यादा ईडी ने पूछताछ की थी** - इससे पहले हेमंत सोरेन से 20 जनवरी को इसी मामले में पूछताछ की गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि उस दिन पूछताछ पूरी नहीं हो पाई थी। उस दिन सोरेन से सात घंटे से अधिक वक्त तक पूछताछ की गई थी। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि झारखंड में 'माफिया द्वारा भूमि के स्वामित्व को गैर कानूनी तरीके से बदलने के एक बड़े रैकेट' की जांच के तहत सोरेन से पूछताछ की जा रही है।

मुख्यमंत्री आवास के पास धारा 144 लागू - राजधानी रांची के मुख्य स्थानों और मुख्यमंत्री आवास के सौ मीटर के दायरे में सुबह नौ बजे से रात दस बजे तक धारा 144 लागू की गई है। यहां पर किसी को आने-जाने की इजाजत नहीं है। बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं। वहीं, भारी संख्या में पुलिस भी मौके पर है।

**जेएमएम विधायकों का विरोध प्रदर्शन** - मुख्यमंत्री से ईडी की पूछताछ शुरू किये जाने से पहले बुधवार सुबह ही झामुमो नीत गठबंधन के विधायक यहां उनके आवास पर पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता ने कहा कि सोरेन जांच में सहयोग कर रहे हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का यह कर्तव्य है कि वे इस प्रकार की जांच ठीक ढंग से करें। राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सभी विधायक मुख्यमंत्री के साथ हैं। इस बीच सोरेन के खिलाफईडी की कार्रवाई के विरोध में झामुमो समर्थकों ने पास के मोरहाबादी मैदान और कुछ अन्य स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ''केन्द्र के निर्देश पर ईडी हमारे मुख्यमंत्री को जानबूझ कर परेशान कर रही है।

## झारखंड के राज्यपाल से मिले चंपई सोरेन, सरकार बनाने का दावा



### सोरेन परिवार की कलह आई सामने

**झारखंड में मुख्यमंत्री पद को लेकर अब सोरेन परिवार में कलह देखा जा रहा है। शिबू सोरेन की बड़ी बहू और हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन भी इस दौड़ में शामिल हो गई हैं। कल्पना सोरेन को सीएम बनाना उन्हें किसी भी हाल में मंजूर नहीं है, यह बात उन्होंने साफ लफ्जों में कह दिया है। सीता सोरेन जामा विधानसभा सीट से तीन बार की विधायक रह चुकीं हैं।**

**झारखंड में सियासी घटनाक्रम तेजी से बदला है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस्तीफा दे दिया है और उनकी जगह अब चम्पई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया है। वहीं आज ईडी हेमंत सोरेन से पूछताछ भी कर रही है।**

## ज्ञानवापी पर हिन्दू पक्ष की बड़ी जीत तहखाने में पूजा-पाठ की इजाजत दी



**एजेंसी।** ज्ञानवापी पर हिन्दू पक्ष की बड़ी जीत, कोर्ट ने व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ की इजाजत दीज्ञानवापी के दक्षिणी हिस्से में बने व्यास जी के तहखाने में हिन्दू पक्ष को पूजा-पाठ की इजाजत मिल गई है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने डीएम को सात दिन के अंदर व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ के प्रबंध करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि वादी और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड की ओर से रखे गये पुजारी यहां पूजा करेंगे। पूजा के लिए लोहे के बाड़ हटाकर रास्ता देने के लिए भी डीएम को आदेश किया गया है। पिछले ही हफ्ते अदालत के आदेश पर व्यास जी के तहखाने की चाबी डीएम ने अपने कब्जे में ली थी। हिन्दू पक्ष के वकील आज के फैसले को राममंदिर का ताला खुलवाने जैसा मान रहे हैं। इस तहखाने पर 1993 से पहले पूजा पाठ होती थी। अयोध्या में विवादित ढांचा ढहने के बाद ज्ञानवापी के चारों तरफ प्रशासन ने लोहे की बैरिकेडिंग कर दी थी। इससे तहखाने में जाने का रास्ता बंद हो गया था और पूजा पाठ भी बंद हो



## उज्जैन और काशी की तर्ज पर बनेगा राजिम कॉरीडोर

**लोकशक्ति।** छत्तीसगढ़ के पर्यटन व संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाक़ात की. इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की पर्यटन विकास की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए केंद्रीय बजट से राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया. मंत्री अग्रवाल ने शक्तिपीठ परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के पांच शक्तिपीठों को जोड़ने एवं विकसित करने, राजिम कॉरीडोर के निर्माण सहित पुरखौती मुक्तांगन में कन्वेन्शन सेंटर बनाने के लिए केंद्र से सहयोग मांगा. केंद्रीय मंत्री से उनके कार्यालय में मुलाक़ात के दौरान संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कुल 63 राज्य संरक्षित स्मारक हैं।

# 10 साल में मोदी सरकार ने दुनिया में भारत की भूमिका को बनाया सशक्त

लोकशक्ति। संवाददाता।

संसद में आज से बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। इसकी शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ हुई। राष्ट्रपति ने कहा कि नए सदन में उनका यह पहला संबोधन है। यहां संसदीय परंपराओं का गौरव और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की महक है।

**तेजी से विकसित हो रहा भारत: राष्ट्रपति** - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि दुनिया में गंभीर संकटों के बावजूद भारत तेजी के साथ विकसित हो रहा है। मेरी सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक लेकर आई है। ये कानून विकसित भारत की सिद्धि की मजबूत पहल हैं। क्रिमनल जस्टिस सिस्टम अब इतिहास बन गया है।



**25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। तीन तलाक के खिलाफ सरकार ने कड़े कानून बनाए हैं। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना है और जी20 की सफलता ने पूरी दुनिया में भारत की भूमिका को सशक्त किया है।**

**राष्ट्रपति ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण का इंतजार सालों से था लेकिन अब ये पूरा हुआ। जिस समय राष्ट्रपति ने राम मंदिर का जिक्र किया, उस वक्त सदन में खूब तालियां बजीं। पीएम मोदी और शाह समेत तमाम सीनियर नेताओं ने मेज भी थपथपाई।**

इस दौरान राष्ट्रपति ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। नारी शक्ति अधिनियम से लोकसभा राज्यसभा में महिलाओं का पार्टिसिपेशन बढ़ेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद 370 पर आशंकाएं इतिहास बन चुकी हैं। एशियाई खेलों में भारत ने 100 से ज्यादा मेडल जीते हैं। आरटीआई फाइल करने वालों की संख्या बढ़ी है। पहले ये सवा तीन करोड़ थी, जो अब बढ़कर 8 करोड़ से ज्यादा हो गई है। इसके अलावा भारत सबसे तेज 5जी रोल आउट करने वाला पहला देश बन गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज एक लाख से ज्यादा स्टार्टअप हैं और एक करोड़ 40 लाख लोग जीएसटी दे रहे हैं।

**मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया,एक देश-एक टैक्स कानून और बैंकों की बात** - राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, एक देश-एक टैक्स कानून और बैंकों की बात की। उन्होंने कहा कि एक देश-एक टैक्स कानून आया है और बैंकिंग सिस्टम मजबूत हुआ है। पहले की तुलना में एफडीआई दोगुना हो गया है। बैंकों का एनपीए घटकर 4 प्रतिशत रह गया है।

**ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निजी कंपनियों की रक्षा क्षेत्रों में भागीदारी पर कही ये बात**

उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों की रक्षा क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। हम खिलौने निर्यात कर रहे हैं। ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में सुधार आया है। बिजनेस करना आसान हुआ है और उसकी वजह डिजिटल इंडिया है।

उन्होंने ये भी कहा कि बाकी देश भी आज यूपीए से ट्रांजेक्शन की सुविधा दे रहे हैं। 2 करोड़ फर्जी लाभार्थी सिस्टम से बाहर हुए हैं।

## कुछ लोग लोकतांत्रिक मूल्यों का चीरहरण करते हैं-हुड़दंग करना स्वभाव : पीएम मोदी




एजेंसी।

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी 2024 से शुरू हो गया है। बजट सत्र से पहले पीएम मोदी ने मीडिया को संबोधित किया और विपक्षी दलों पर खूब निशाना साधा। पीएम मोदी ने बीते सत्रों में विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा किए गए हंगामे का जिक्र करते हुए उन्हें निशाने पर लिया। पीएम ने ये तक कह दिया कि ऐसे लोग लोकतांत्रिक मूल्यों का चीरहरण करते हैं और हुड़दंग करना उनका स्वभाव बन गया है। आइए जानते हैं पीएम मोदी ने अपने संबोधन में क्या सब कहा है।

**विपक्षी सांसदों की आलोचना** - पीएम मोदी ने मोदी ने उन विपक्षी सांसदों की आलोचना की जो आदतन सदन की कार्यवाही को बाधित करते हैं। पीएम ने कहा कि गत 10 वर्ष में जिसको जो रास्ता सुझा उस प्रकार से संसद में सब ने अपना अपना कार्य किया। जिनको आदतन हुड़दंग करने का स्वभाव बन गया है। जो आदतन लोकतांत्रिक मूल्यों का चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसद आत्मनिरीक्षण करें कि 10 साल में उन्होंने जो किया। पीएम ने कहा है कि ऐसे सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में भी 100 लोगों से पूछ लें किसी को याद नहीं होगा। किसी को नाम भी पता नहीं होगा...लेकिन जिसने सदन में उत्तम विचारों से संसद को लाभान्वित किया होगा, उन्हें एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी याद करता होगा, इसकी सराहना करते होंगे।

**हम चुनाव के बाद पूर्ण बजट लाएंगे- पीएम मोदी**

अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है तब पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का पालन करते हुए नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट लाएंगे। इस बार दिशा-निर्देशक बातें लेकर देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल हम सबके सामने बजट पेश करने वाली हैं।

## इमरान खान को चुनाव से 8 दिन पहले दूसरी बार सजा. सऊदी से मिला हार बेचने पर 14 साल की जेल

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से 8 दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दूसरी बार सजा सुनाई गई है. खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना रेफरेंस मामले में 14 साल की जेल की सजा हुई है. इसके बाद खान 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर नहीं रह सकते हैं. फैसले के तहत दोनों पर करीब 23.37 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. इससे पहले कल यानी मंगलवार को रावलपिंडी की स्पेशल कोर्ट ने खान को सीक्रेट लेटर चोरी के मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी. उनके साथ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के लीडर और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी सजा हुई थी. खान को 2 दिनों में 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई है.



### पीसीएस अफसरों से बोले सीएम:

## आम आदमी के दर्द को महसूस कीजिए, गरीबों और वंचितों के प्रति रहें संवेदनशील

**एजेंसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीसीएस के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात करके कहा कि वह अपने काम के दौरान आम आदमी के दर्द को महसूस करें। पीसीएस के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि आप सभी उस महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जहां समस्याओं को बहुत नजदीक से सुनने का अवसर मिलेगा। एक आम आदमी के दर्द को महसूस करने का अवसर मिलेगा। व्यक्ति तभी फेल होता है, जब वह छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करता है। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि पीसीएस अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। कानून-व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे, इसके लिए



जरूरी है कि प्रशासनिक अधिकारी मुद्दों से भली-भांति परिचित हों। उन्हें अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने के लिए मेहनती के साथ-साथ तेजी से फैसले लेने में सक्षम होना चाहिए। नसीहत देते हुए कहा कि मामलों का निस्तारण पारदर्शी ढंग से करें और गरीब, कमजोर तथा वंचितों को लेकर संवेदनशील बनें।

## BCCI सचिव जय शाह तीसरी बार बने एसीसी के अध्यक्ष

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख बने रहेंगे. बुधवार, 31 जनवरी को बाली में एसीसी (एसीसी) की एनुअल जनरल मीटिंग के दौरान



महाद्वीपीय निकाय के प्रमुख के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई. एसीसी की वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष के रूप में जय शाह का कार्यकाल सर्वसम्मति से एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया।

**विदेश**

### अमेरिका ने किया पलटवार,

# यूएस के सैन्य जहाज ने लाल सागर में हूतियों की मिसाइल को मार गिराया

**एजेंसी।** इजराइल और हमास में जंग के साथ ही लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने भी इजराइल और अमेरिका से पंगा ले लिया है। लाल सागर में कारोबारी जहाजों पर निशाना बनाने वाले हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी सैन्य जहाज को भी निशाना बनाने का काम किया। इसके बाद से ही अमेरिका हूतियों पर हमलावर है। ताजा मामले में अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक पोत ने लाल सागर में हूती विद्राहियों की मिसाइल को मार गिराया है।



मिली जानकारी के अनुसार अमेरिकी नौसेना के विध्वसंक पोत ने लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई पोत रोधी मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया है। यह इस समुद्री मार्ग पर अमेरिकी गश्ती बल को निशाना बनाकर किया गया नवीनतम हमला है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने एक बयान में बताया कि हमला मंगलवार देर रात आर्ले बर्क श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रावैली को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि, 'हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी नुकसान की खबर है।' हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बुधवार सुबह जारी बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इसे 'फिलिस्तीनी लोगों के उत्पीड़न के लिए जीत और देश के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता की प्रतिक्रिया' बताया।

**हूतियों ने दागी थी कई मिसाइलें** - सारी ने दावा किया कि हुती विद्रोहियों ने 'कई' मिसाइलें दागीं लेकिन अमेरिकी नौसेना ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही पूर्व में भी बढ़ा-चढ़ाकर दावा करते रहे हैं, जबकि उनकी मिसाइलें कभी-कभी जमीन पर नष्ट हो जाती हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहती हैं। हूती विद्रोहियों ने सोमवार को भी बिना किसी सबूत के दावा किया था कि उसने यूएसएस लुईस बी.पुलर को निशाना बनाया है।

## भारत ने लगाया प्रतिबंध तो कंगाल पाकिस्तान को मिल गया मौका

**एजेंसी।** भारत दुनिया में चावल का सबसे ज्यादा निर्यात करने वाला देश है। हालांकि भारत ने पिछले साल अपने देश से चावल बेचने पर प्रतिबंध लगा रखा है। घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए बासमती चावल बेचने पर यह बैन लगा रखा है। इस वजह से पाकिस्तान के चावल की मांग दुनिया में बढ़ने लगी है यानी भारत ने चावल बेचने पर प्रतिबंध लगाया, तो भारत की वजह से कंगाल पाकिस्तान को मौका मिल गया। इस कारण वह चावल बेचकर मुनाफा कमा रहा है। भारत सरकार ने चावल बेचने पर जो प्रतिबंध लगा रखा है, उसका फायदा कंगाल पाकिस्तान को हो रहा है। पाकिस्तान का चावल निर्यात इस साल जून महीने तक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि चावल विदेशों में भेजने के कारण पाकिस्तान में भी



चावल की कीमतें धीरे धीरे बढ़ रही है। चावल की ज्यादा पैदावार के बावजूद यह कीमतें बढ़ रही हैं। पाकिस्तान गैर-बासमती चावल मुख्य रूप से इंडोनेशिया, सेनेगल, माली, आइवरी कोस्ट और केन्या को निर्यात कर रहा है और प्रीमियम बासमती चावल यूरोपीय संघ, कतर और सऊदी अरब को निर्यात करता है। भारत सरकार के चावल के निर्यात पर बैन का पाकिस्तान को जबरदस्त फायदा हो रहा है। पाकिस्तान का चावल निर्यात इस साल जून तक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने की संभावना है। भारत के निर्यात पर लगाए अंकुशों की वजह से दुनिया के खरीदारों को इस्लामाबाद से ही चावल की खरीदारी करनी पड़ रही है। पाकिस्तानी चावल की मांग बढ़ने से इस देश को पिछले 16 साल का सबसे ज्यादा दाम प्राप्त हो रहा है।

लोकशक्ति www.lokshakti.in

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत 110 युवाओं को मिला रोजगार

**कलेक्टर ने चयनित युवाओं को दी बधाई एवं शुभकामनाएं**

जांजगीर-चांपा कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत सुप्राजीत प्राइवेट लिमिटेड डोडबलापुर इन्डस्ट्रीयल एरिया बेंगलुरु कर्नाटक में जिले के 110 चयनित युवाओं से कलेक्टर ने मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होने प्रशिक्षित युवाओं के प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अच्छे से कार्य कर अपने परिवार, गांव एवं जिले का नाम रोशन करे। किसी भी तरह की कोई समस्या आने पर अपने प्रशिक्षक व जिला प्रशासन को अवगत कराये। जिला प्रशासन युवाओं के विकास के लिए संकल्पित है। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण श्री मयंक शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रोजगार व स्वरोजगार मूलक अल्पकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे - डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, हेल्थ केयर, सोलर टेक्निशियन, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर, मोबाइल फोन रिपेयर टेक्निशियन, फिटर फेब्रिकेशन, इलेक्ट्रानिक्स व ऑटोमोटिव का प्रशिक्षण लाईवलीहुड कॉलेज सहित जिले के निजी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता संत कबीर व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान में संचालित है। जहां पर युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ व्यक्तित्व विकास एवं उद्यमिता विकास के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।



## खास खबर



### जशपुर में आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरलः पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी केस में 2 आरोपियों को पकड़ा

**जशपुर ( ए )।** जशपुर में चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी डीपाटोली मोहल्ले के रहवासी हैं। आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने के आरोप में दोनों जेल भेजा गया है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

कोतवाली प्रभारी रवि शंकर तिवारी ने बताया कि नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाने वाले आपत्तिजनक फोटो और वीडियो की निगरानी करता है। विशेष रूप में नाबालिग बच्चों से संबंधित सामग्री पर कड़ी नजर रखी जाती है। इंटरनेट में इस तरह की आपत्तिजनक सामग्री की जानकारी आते ही, एनसीआरबी, संबंधित की पुलिस मुख्यालय को सूचना देती है। ऐसी एक सूचना, रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ के पुलिस मुख्यालय को प्राप्त हुई थी। पुलिस मुख्यालय ने इस सूचना को जशपुर पुलिस से साझा करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिए थे।

एसपी डी रविशंकर के मार्गदर्शन में साइबर सेल के सहयोग से सिटी कोतवाली पलिस ने मामले की जांच की। जांच में थाना प्रभारी तिवारी ने आरोपियों के मोबाइल नंबर के सेवा प्रदाता कंपनी से जानकारी लेकर अपराध का विवरण जुटाया। इस दौरान पता चला कि आरोपी समीर भगत ने अक्टूबर 2022 में सोशल मीडिया ऐप में महिला और बच्चों से संबंधित अश्लील वीडिया अपलोड किया है। बजरंग राम के नाम पर भी फोटो अपलोड करने की पुष्टि हुई। मामले में कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी समीर भगत के विरूद्ध आईटी एक्ट की धारा 201 और भादवि की धारा 67 और 67 (बी) और बजरंग राम के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 67,67 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब पीकर वाहन चलाते 21 पकड़े गए, 201 से वसूला गया 84700 रुपए जुर्माना

**बिलासपुर।** पुलिस ने रविवार की रात शहर के विभिन्न स्थानों पर सरप्राइज चेकिंग कर 201 वाहनों की जांच की। इस दौरान 21 लोग शराब पीकर गाड़ी चलाते मिले। उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा तीन सवारी, बिना नंबर, गलत तरीके से लिखे गए नंबर प्लेट, प्रेशर हार्न, संदेहास्पद वाहन, बिना सीटबेल्ट, काली फिल्म व संदिग्धों की भी जांच की गई।

**गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप कराने पर 8वीं के छात्र की हत्या**

# अंबिकापुर में दोस्त को शराब पिलाकर घोंटा गला, ट्रिपल मर्डर की थी साजिश

**सरगुजा (ए)।** अंबिकापुर के बंजारी में एक सनकी प्रेमी ने आठवीं के छात्र की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि छात्र आशीष लकड़ा और उसके 2 दोस्तों ने युवक की गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप करा दिया था। इसकी भनक जब आरोपी वीरेंद्र कुमार नागवंशी को लगी तो उसने आशीष लकड़ा का मर्डर कर दिया। मामला मणिपुर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे 130 के किनारे विनोद गुप्ता के घर के पीछे रविवार (28 जनवरी) को बंजारी निवासी छात्र आशीष लकड़ा (17) का शव मिला था। सूचना पर एडिशनल एसपी पपुलेश कुमार समेत उनकी टीम मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया।

### 26 जनवरी की रात की थी हत्या

सीएसपी स्मृतिक राजनाला ने बताया कि आशीष लकड़ा को अंतिम बार उसके दोस्तों के साथ देखे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने उसके दोस्तों और संदेही वीरेंद्र कुमार नागवंशी उर्फ लादेन (18) से कड़ाई से पूछताछ की गई। इसमें वीरेंद्र कुमार नागवंशी ने आशीष लकड़ा की हत्या करना स्वीकार किया। बताया जा रहा है कि आशीष लकड़ा और आरोपी वीरेंद्र की अच्छी दोस्ती थी।

### गर्लफ्रेंड से कराया था ब्रेकअप

पुलिस पूछताछ में आरोपी वीरेंद्र कुमार नागवंशी ने बताया कि दरिमा थाना क्षेत्र की एक लकड़ी से उसका प्रेम संबंध था। आशीष लकड़ा और उसके दो दोस्तों ने उसकी गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप करा दिया। इसके साथ ही आशीष लकड़ा उसी लड़की से बात करने लगा। इससे खफा होकर आरोपी वीरेंद्र कुमार ने तीनों की हत्या करने की साजिश रची।

### 26 जनवरी की रात कर दी थी हत्या

आरोपी वीरेंद्र कुमार नागवंशी ने आशीष लकड़ा को बांसबाड़ी के पास ले गया, जहां दोनों ने शराब पी। वहां ब्रेकअप कराने को लेकर दोनों में विवाद हुआ। आरोपी ने जैकेट में कैप बांधने वाली रस्सी से आशीष लकड़ा का गला घोंट दिया। हत्या के बाद शव को उठाकर करीब 100 मीटर दूर खेत में फेंक आया।

### चाकू लेकर 2 और दोस्तों को खोज रहा था

आशीष लकड़ा की हत्या के बाद आरोपी उसके दो अन्य दोस्तों को चाकू लेकर रात को खोजता रहा, लेकिन वे नहीं मिले। अगर मिल गए होते तो दोनों को मार डाला होता, लेकिन दोनों नहीं मिले तो बच गए। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

# वार्ड ब्वॉय की नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 70 हजार, आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर ( ए )।** कांकेर जिले के चारामा थाना क्षेत्र के दो सगे भाइयों से सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने स्वास्थ्य विभाग में वार्ड ब्वाय की नौकरी के लिए 70 हजार रुपये ठग लिए थे। आरोपी ने नेताओं और मंत्रालय के बड़े अधिकारियों से पहचान होने की बात कहते हुए ठगी की वारदात को अंजाम दिया था।

जानकारी के अनुसार, चारामा के चंदन सिन्हा ने चारामा थाने में मामले की शिकायत की थी। पीड़ित चंदन सिंह ने शिकायत में बताया कि वो और उसके भाई दीपचन्द सिन्हा की पहचान मार्च 2023 में ममता नगर राजनांदगाव निवासी धीरज घोडेसवार से हुई थी।

इस दौरान धीरज ने बड़े नेताओं से पहचान होने की बात कही और मंत्रालय के अधिकारियों के जरिए स्वास्थ्य विभाग में वार्ड ब्वॉय में होने वाली भर्ती में नौकरी के लिए रुपये मांगे। ठग की बातों में आकर दोनों भाइयों ने ऑनलाइन 70 हजार रुपये ट्रांजेक्शन कर दिए। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ित ने शिकायत की जिस पर चारामा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश कर रही थी।

### 11 महीने बाद सगे भाइयों ने थाने में की शिकायत

आरोपी ने सीधे ज्वाइनिंग लेटर देने की बात करते हुए दोनों भाइयों को झांसे में ले लिया। रुपये लेने के बाद आरोपी ने दोनों भाइयों से संपर्क तोड़ लिया। इसके करीब 11 महीने बाद दोनों भाइयों ने मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को राजनांदगांव से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

# डंपर की ठोकर से स्कूटी सवार महिला की मौत सहेली के साथ जा रही थी घर, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** सोमवार को छावनी के तिरंगा चौक व हाउसिंग बोर्ड के रास्ते पर बड़ा हादसा हो गया। यहां स्कूटी सवार महिला की हादसे में मौत हो गई है। महिला अपनी सहेली के साथ हाउसिंग बोर्ड स्थित अपने घर जा रही थी। इस दौरान एक डंपर चालक ने स्कूटी सवार दो महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। डंपर की टक्कर से स्कूटी चला रही महिला आराधना साहनी सड़क पर गिर गई। वहीं पीछे बैठी उसकी सहेली वंदना देवांगन के सिर में गहरी चोट आई जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद जामुल पुलिस ने वंदना देवांगन के शव को सुपेला अस्पताल पीएम के लिए भिजवाया।



मिली जानकारी के अनुसार मृतका वंदना देवांगन लगभग एक साल पहले अपने पति के साथ भिलाई रहने आई। इसकी शेयर चैट के माध्यम से आराधना से दोस्ती हुई। दोनों साथ में काफी समय बिताते थे। वंदना के पति रोशन देवांगन प्लांट में ठेका श्रमिक है। वंदना देवांगन की सहेली छावनी के तिरंगा नगर में रहती है। वंदना आज सुबह पति के ड्यूटी जाने के बाद उससे मिलने गई। दोपहर तक समय बिताया और इसके बाद आराधना उसे छोड़ने के लिए स्कूटी से निकली। रास्ते में पीछे से आ रहे डंपर ने जोरदार ठोकर मारी। दोनों सड़क पर गिर गए। पीछे बैठी वंदना के सिर पर चोट लगी और काफी मात्रा में खून बह जाने से उसकी मौत हो गई।

# तेज रफ्तार पिकअप ने चाचा भतीजे को कुचला, दोनों की मौत

**जशपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में तेज रफ्तार पिकअप ने मोटर साइकिल सवार दो लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में दोनों की लाश टुकड़ों में बदल गई। पूरा मामला सन्ना थाना क्षेत्र है।

दरअसल, जशपुर मार्ग में भीषण हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है। वहीं फरार पिकअप वाहन चालक को भी पकड़ लिया गया है।

### दोनों की लाश टुकड़ों में तब्दील

सन्ना थाना प्रभारी हर्षवर्धन चोरासे ने बताया कि दोनों शव क्षत विक्षत हो गए थे, जिससे उनकी पहचान कर पाने में काफी परेशानी हुई। बड़ी मश्कत के बाद मृतकों की शिनाख्त की जा सकी है।

### चाचा भतीजे की सड़क हादसे में मौत

सन्ना थाना प्रभारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अजय सोनवानी और सचिन सोनवानी के रूप में की गई है, जो चाचा भतीजा थे। पंडरापाठ चौकी क्षेत्र के रहने वाले थे। निजी काम से पंडरापाठ से जशपुर की ओर आ रहे थे, तभी सन्ना जशपुर मार्ग पर सोनकयारी के पास हादसे का शिकार हो गए।

### शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया

थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के बाद फरार पिकअप चालक को पकड़ लिया गया है। पिकअप को भी जब्त कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 21 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने नया बस स्टैंड से एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 21 किलो गांजा बरमाद हुआ। आरोपी मूलतः महाराष्ट्र का निवासी है। टिकरापारा थाना में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। दरअसल 29 जनवरी को थाना टिकरापारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव नया बस स्टैण्ड मोटर सायकल पार्किंग के पास एक व्यक्ति अपने पास एक सफेद प्लास्टीक बोरी में गांजा रखा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना टिकरापारा पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मुजाहिद पिता अब्दुल मजीद उम्र 34 साल निवासी वार्ड नंबर 6 मोसीनपुरा पोस्ट हिवरखेडा भवानी मंदिर के पास थाना हिवरखेड तह. तेल्हारा जिला अकोला (महाराष्ट्र) बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे सफेद रंग की प्लास्टीक बोरी का तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया।

# सुपेला में चाकूबाजी करने वाले चार बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे गाली गलौच करने से मना किया तो दिया वारदात को अंजाम

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में रविवार की रात को चाकूबाजी करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सार्वजनिक स्थल पर गाली गलौज करने पर मना करने पर बदमाशों ने चाकूबाजी की थी। इस मामले में सुपेला पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद सक्रियता दिखाई और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में भोला उर्फ हरिकेश चैहान, अंकेश चैहान, सचिन सोनकर उर्फ चिन्ना व संजीव चैहान को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत कार्रवाई की गई है।



सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात 7:30 बजे भरत गिरी गोस्वामी के घर के पास बने चबुतरा में भोला उर्फ हरिकेश चैहान, अंकेश चैहान एवं अन्य लोग बैठकर गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर जान से मारने की नियत से चाकू से प्राणघातक हमला कर पेट में मारकर चोट पहुंचाई। प्रार्थी के घर पर बर्थडे पार्टी चल रही थी इस दौरान बदमाश यहां गाली गलौच कर रहे थे। चाकू बाजी से प्रार्थी को प्राणघातक चोट पहुंची है। शिकायत के बाद इस मामले में आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी भोला उर्फ हरिकेश चैहान, अंकेश चैहान, सचिन सोनकर उर्फ चिन्ना, संजीव चैहान को घेराबंदी कर राजीव नगर सुपेला से पकड़ा गया। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, उप निरीक्षक मनीष वाजपेयी, प्रमोद सिन्हा, एएसआई राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक, भरत यादव, उपेन्द्र सिंह, आरक्षक अजीत सिंह, विवेक सिंह, सुरेन्द्र गिरी, विशाल सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, श्यामजी मिश्रा, विकास तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# अब टीएल बैठक से नहीं बच सकेंगे ज़िला स्तरीय विभागीय अधिकारी

**अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों की अगले दिन होगी समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ सिंह ने दी व्यवस्था**

रायपुर /कलेक्टर द्वारा प्रत्येक सोमवार को ली जाने वाली टीएल बैठक में अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना पड़ेगा। यदि वे किसी कारण से अनुपस्थित रहते हैं, तो अधीनस्थ को प्रतिनिधि बनाकर नहीं भेजेंगे, बल्कि उनकी बैठक अगले दिन मंगलवार को कलेक्टर के साथ होगी। इस आशय का पत्र जारी किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ने सभी विभागों को पत्र लिखकर निर्देश किया है कि समय-सीमा की बैठक में कुछ विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उनके विभागीय गतिविधियों की समीक्षा नहीं हो पाती है। अतएव निर्देशित किया जाता है कि समस्त जिला प्रमुख अधिकारी अपने प्रतिनिधि न भेजते हुए स्वतः समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यदि किसी कारणवश समय-सीमा की बैठक में जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित न हो सकें, तो उनकी बैठक अगले दिन प्रातः 10 बजे आयोजित होगी।

